Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 सितंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-september-2020

रघुवंश प्रसाद सिंह

13 सितंबर, 2020 को पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वर्ष 2004 और वर्ष 2009 के बीच ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में रघुवंश प्रसाद सिंह ने भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम अर्थात् मनरेगा (MGNREGA) की सफलता के पीछे महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक थे। रघुवंश प्रसाद सिंह का जन्म 06 जन्म, 1946 को बिहार के वैशाली ज़िले में हुआ था। रघुवंश प्रसाद सिंह ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत वर्ष 1973-77 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (SSP) में सचिव के तौर पर की थी, जिसके बाद वर्ष 1977 में वे बिहार विधानसभा के सदस्य बने और उन्होंने अपने राजनैतिक कैरियर के दौरान कई बार बेलसंड विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1996 में लोकसभा में अपने राजनैतिक कैरियर की शुरुआत करने से पूर्व उन्होंने बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भी कार्य किया। वे वर्ष 1996 के लोकसभा चुनाव में निर्वाचित हुए और उन्हें केंद्रीय पशुपालन और डेयरी उद्योग राज्यमंत्री बनाया गया। ध्यातव्य है कि वर्ष 2009 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने पाँचवीं बार जीत दर्ज की थी।

नाओमी ओसाका

जापान की टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका (Naomi Osaka) ने यूएस ओपन के फाइनल मुकाबले में बेलारूस की टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया एज़ारेंका को हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम जीत लिया है। 22 वर्षीय नाओमी ओसाका इस ऐतिहासिक जीत के साथ विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुँच गई हैं। नाओमी ओसाका पहली एशियाई खिलाड़ी (पुरुष अथवा महिला) बन गई हैं जिन्होंने तीन ग्रैंड स्लैम अपने नाम किये हैं। यूएस ओपन चार ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट में से एक है, अन्य तीन ग्रैंड स्लैम- फ्रेंच ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन हैं। ये ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (ITF) द्वारा संचालित किया जाता हैं।

उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. अध्ययन सामग्री
सामान्य अध्ययन + सीसैट (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा)
43 बुकलेट्स
Click Here

कल्पना चावला

अमेरिका की एयरोस्पेस और रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी नॉर्थरोप ग्रुम्मन (Northrop Grumman) ने अपने एक वाणिज्यिक कार्गो अंतरिक्ष यान का नाम नासा (NASA) की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला (Kalpana Chawla) के नाम पर रखने की घोषणा की है। ध्यातव्य है कि अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला के रूप में कल्पना चावला का इतिहास में एक विशिष्ट स्थान है। कल्पना चावला का जन्म 17 मार्च, 1962 को हरियाणा के करनाल में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1982 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से वैमानिकी इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की, जिसके बाद वे अपनी आगे की पढाई के लिये अमेरिका चली गईं। वर्ष 1984 में उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री प्राप्त की और वर्ष 1988 मे अमेरिका के कोलोराडो विश्वविद्यालय से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में ही पीएचडी (PhD) डिग्री हासिल की। इसके बाद एक शोधकर्त्ता के रूप में उन्होंने वर्ष 1988 में नासा (NASA) के साथ अपने कैरियर की शुरुआत की। अप्रैल 1991 में अमेरिकी नागरिक बनने के पश्चात् उन्हें वर्ष 1994 में नासा (NASA) में बतौर अंतरिक्ष यात्री (Astronauts) चुन लिया गया। नवंबर 1996 में उन्हें अंतरिक्ष शटल मिशन STS-87 में मिशन विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया, जिसके साथ ही वे अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाली भारतीय मूल की पहली महिला बन गई। वर्ष 2001 में कल्पना चावला को अंतरिक्ष शटल मिशन STS-107 के चालक दल का सदस्य बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण कल्पना चावला की मृत्यु हो गई।

योशीहिदे सुगा

योशीहिदे सुगा को जापान के सत्तारूढ़ दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के नए प्रमुख के रूप में चुना गया है। जापान के वर्तमान प्रधानमंत्री शिंजो आबे के उत्तराधिकारी के रूप में योशीहिदे सुगा को 377 वोट मिले हैं। ध्यातव्य है कि जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने बीते माह स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस्तीफा देने की घोषणा की थी। योशीहिदे सुगा वर्तमान में शिंजो आबे की सरकार में मुख्य कैबिनेट सचिव के तौर पर कार्य कर रहे हैं। योशीहिदे सुगा स्वयं को एक सुधारवादी के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जिन्होंने नौकरशाही की क्षेत्रीय बाधाओं को तोड़कर नीतियों को लागू करने में सफलता हासिल की है। अपने राजनीतिक कौशल की तुलना में योशीहिदे सुगा ने काफी कम विदेश यात्राएँ की हैं, जिसके कारण उनका राजनयिक कौशल अभी स्पष्ट नहीं है, हालाँकि उम्मीद के अनुसार, वे भी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की प्राथमिकताओं के मुताबिक ही कार्य करेंगे। कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी और आर्थिक गिरावट के अलावा, योशीहिदे सुगा को चीन सहित कई अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा।